**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 10(क)- क्या अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ तथा हज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-गाजीपुर के विकास खण्डं–भदौरा, ग्राम-ताजपुर खुर्रा में राजकीय आई0टी0आई0 का निर्माण कार्य लम्बित है? | जनपद गाजीपुर के विकास खण्ड-भदौरा, ताजपुर कुर्रा में राजकीय आई०टी०आई० परियोजना प्रधानमन्त्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अल्पसंख्यक कार्य मन्त्रालय भारत सरकार की 12वीं इम्पावर्ड कमेटी की बैठक दिनांक 31.01.2019 में स्वीकृत है जिसकी अनुमोदित लागत केन्द्रांश रू0 756.00 लाख तथा राज्यांश 504.00 लाख कुल 1260.00 लाख है। विषयगत परियोजना के निर्माण के लिये रू0 298.13 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई है। कार्यदायी संस्था द्वारा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष रू0 259.00 लाख का निर्माण कार्य (मुख्य भवन का नींव कार्य पूर्ण सुपर स्ट्रक्चर कार्य प्रगति पर वर्कशॉप शैड - ए का नींव कार्य पूर्ण एवं ट्रंस लगाने का कार्य प्रगति पर) कराया जा चुका है एवं भौतिक प्रगति 30 प्रतिशत है। |
| (ख) उक्त के लंबित होने के क्या कारण हैं? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) उक्त लम्बित निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करायेंगे? | परियोजना के निर्माण के लिये अवशेष केन्द्रांश की धनराशि प्राप्त होने पर कार्य जून 2023 तक पूर्ण करा दिया जायेगा। |

**धर्मपाल सिंह**
मंत्री,
अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग।